भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 80

**22 नवम्बर,** 2011 **को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

आपातकालीन सेवाएं शुरू किए जाने के लिए वित्तीय सहायता

80. **श्री दिलीपभाई पंडयाः**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में 108 आपातकालीन सेवाएं शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता
उपलब्ध कराई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य–वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनएचआरएम) के अन्तर्गत गुजरात सहित दस राज्यों में एम्बुलैंस और आपातकालीन स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं देने के लिए निजी पार्टियों को ठेके दिए हो; और
(घ) यदि हां, तो उन ठेकेदारों जिन्हें ठेका दिया गया है के नाम सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुदीप बंद्योपाध्याय)**

(क) जी, हाँ मिशन के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी स्वास्थ्य परिचर्या प्रदानगी प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए निधियां उपलब्ध कराई गई हैं। सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को 108 आपातकालीन सेवाओं सहित अनुमोदित क्रियाकलापों हेतु निधियां उपलब्ध कराई गई हैं।

(ख) राज्यवार ब्यौरों को दर्शाने वाली विवरणिका उपाबंध पर  है।

(ग और घ) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें महसूस की गईं जरूरतों और प्राथमिकताओं के अनुसार, एनआरएचएम के अंतर्गत अपने वार्षिक कार्यक्रम क्रियान्वयन योजना [पीआईपी] में रोगी वाहन और आपाती स्वास्थ्य परिचर्या

सेवाओं के अपने प्रस्तावों को शामिल करती हैं। भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए अनुमोदन के आधार पर, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों द्वारा कार्यान्वयन हेतु उन पर विचार किया जाता है। कार्यक्रम/विशिष्ट क्रियाकलाप के क्रियान्वयन हेतु निदर्शन का संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकार द्वारा उनकी जरूरत और उपयुक्तता के आधार पर चयन किया जाता है।

...............

**<u>उपाबंध</u>**

## देश में 108 प्रकार की आपाती सेवाओं सहित रेफरल परिवहन हेतु वित्तीय आबंटन

| राज्य | 2011–12 |
|---|---|
| | अनुमोदित राशि (लाख रूपये में) |
| अरूणाचल प्रदेश | 37.60 |
| असम | 795.64 |
| मणिपुर | 77.95 |
| मेधालय | 174.70 |
| मिजोरम | 85.12 |
| नागालैंड | 60.25 |
| सिक्किम | 0 |
| त्रिपुरा | 80 |
| अंडमान एवं निकोबार | 11 |
| दमन एवं द्वीप | 3.12 |
| लक्षद्वीप | 0 |
| चंडीगढ़ | 73.66 |
| बिहार | 1953.68 |
| छत्तीसगढ़ | 3162.27 |
| हिमाचल प्रदेश | 1179.81 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 118.64 |
| मध्य प्रदेश | 2854.78 |
| राजस्थान | 5425.85 |
| उत्तर प्रदेश | 5311.5 |
| उत्तराखंड | 486.40 |
| आंध्र प्रदेश | 2052.50 |
| गोवा | 391 |
| गुजरात | 591.84 |
| हरियाणा | 1513.43 |
| कर्नाटक | 3182.40 |
| केरल | 300 |
| महाराष्ट्र | 4900.02 |
| पंजाब | 3217.98 |
| तमिलनाडु | 1574.26 |
| दादर नगर एवं हवेली | 0 |
| पश्चिम बंगाल | 4393.57 |
| ओडिसा | 840.04 |
| पुदुच्चेरी | 156.75 |
| दिल्ली | 7.85 |
| झारखंड | 553.20 |

..............